Ranjit Sinha
DIRECTOR

1963-2013
In Pursuit of Truth

CENTRAL BUREAU OF INVESTIGATION
GOVERNMENT OF INDIA
5-B, C.G.O. COMPLEX,
LODHI ROAD, NEW DELHI-110003

D. O. No. 1-12/2013-14/हिन्दी

Dated 14 सितम्बर, 2013

## संदेश

प्रिय साथियों,

आप सब जानते हैं कि 14 सितम्बर, 1949 को भारत के संविधान निर्माताओं ने हिंदी को राज-काज की भाषा के रूप में स्वीकार किया था । तब से हर साल, देश भर में इस दिन को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है ।

2. साथियों, हिंदी भाषा देश के सभी भागों में बोली और आसानी से समझी जाने वाली भाषा है । इसलिए हम सब के लिए यह जरूरी हो जाता है कि हम, आम-जनता और सरकार के बीच की कड़ी को हिंदी के जरिए जोड़ कर सुशासन स्थापित कर सकते हैं । इसलिए, मैं, समझता हूँ कि हम अपने- अपने कार्यालयों में, चाहे हम किसी भी प्रदेश में क्यों न हों, अपना अधिक से अधिक कार्य जनता की भाषा, अर्थात हिंदी में करने का प्रयास करें ।

3. साथियों, आइये, आज हम एक बार फिर, अपने संकल्प को दोहराएं और जैसे हमने समर्पण और त्याग की भावना से केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो के सम्मान को बढ़ाया है, ठीक उसी भावना से हम हिंदी भाषा को भी गरिमामय बनाएं ।

4. आप सबको हिंदी दिवस पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ ।

जय हिंद

रणजीत सिन्हा